राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

16 जुलाई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 12

बतूता का जूता

आज की कविता

इब्नबतूता अपना जूता पहनकर देश विदेश की सैर करते हुए घूम रहे हैं। क्या हुआ जब रास्ते में इब्नबतूता को तूफान मिल गया? क्या उनका करामाती जूता उन्हें बचाएगा या वह भी साथ छोड़ जाएगा? जानने के लिए सुनते हैं ये मजेदार कविता। कविता सुनने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

हमारा दोस्त कौन है?

आज की कहानी

जंगल के सब जानवर जानते हैं कि उनका सबसे मददगार दोस्त कौन है। मगरमच्छ , जेब्रा, जिराफ़ और दूसरे जानवर अपने इस दोस्त की मदद से जंगल में बड़े आराम से रहते हैं। क्या तुम जानना चाहोगे ये दोस्त कौन है ? जानने के लिए सुनते हैं ये प्यारी सी कहानी। कहानी सुनने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

सोते क्यों नहीं नन्हे शेर?

आज की किताब

नन्हा शेर अपने दोस्तों के साथ खेलना चाहता है। पर शाम होते ही सब अपने अपने घर चले जाते हैं और नन्हा शेर अकेला रह जाता है। क्या हो अगर शाम हो ही न? हर वक्त दिन ही रहे और सूरज निकला रहे। नन्हें शेर ने ऐसा ही कुछ किया। क्या उसने चाँद को कहीं छुपा दिया ? जानने के लिए पढ़ते हैं ये कहानी।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

बूंद का कमाल

आज की गतिविधि

केरोसीन का तेल और पानी में से कौन हल्का कौन भारी है? खाने के तेल और पानी में से कौन हल्का कौन भारी है ? एक साधारण से प्रयोग और उसके खेल से हम इस इसका सुंदर नजारा देख सकते हैं। तो आइए देखते है ये खेल। गतिविधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

मैडम, मेरा जवाब सही है !

टीचर्स कॉर्नर

कक्षा में बच्चों के सवालों को लेकर हम वयस्कों का नजरिया बड़ा संकुचित है। बच्चों के सवाल उनके अनुभवों और अवलोकन से आते हैं जोकि सीखने सिखाने की प्रक्रिया के लिए बहुत ही स्वभाविक हैं। कक्षा में इनकी जगह होनी चाहिए। मीनू पालीवाल के इस आलेख में इस विषय पर बात की गई है। लेख पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

होम लाइब्रेरी

हमारा पुस्तकालय

पाली जिले के बाली ब्लॉक में कुंडल गाँव के भील समुदाय के बच्चे होम लाइब्रेरी के जरिए किताबों से जुड़ रहे हैं और उनकी पढ़ने की आदत विकसित हो रही है। शिरीष खरे ने अपने ब्लॉग में पराग इनीशियेटिव की मदद से चल रही इन होम लाइब्रेरी और उनके असर के बारे में लिखा है।

शिक्षकों के लिए। News18 Hindi

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 116 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।